# अध्याय 15

# एक्की दोक्की

## पाठ आधारित प्रश्न

1. प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए।

(i) एक्की ने जंगल में पेड़ से बँधा हुआ कौन सा जानवर देखा?

(क) मरियल–सी भैंस को ☐ (ख) मरियल–सी बकरी को ☐

(ग) मरियल–सी गाय को ☐ (घ) मरियल–से बैल को ☐

(ii) चलते–चलते कौन थक गया था?

(क) एक्की ☐ (ख) दोक्की ☐

(ग) गाय ☐ (घ) बूढ़ी अम्मा ☐

(iii) एक्की को दूर जंगल में क्या दिखाई दी?

(क) नदी ☐ (ख) झोंपड़ी ☐

(ग) वन ☐ (घ) पेड़ ☐

(iv) एक्की ने किसकी बात मान ली?

(क) दोक्की की ☐ (ख) बूढ़ी अम्मा की ☐

(ग) बाबा की ☐ (घ) माँ की ☐

(v) कहानी सुनते ही सीधे जंगल की तरफ़ कौन भागी?

(क) एक्की और दोक्की की माँ ☐

(ख) एक्की ☐

(ग) दोक्की ☐

(घ) बूढ़ी अम्मा ☐

2. खाली स्थान भरिए।

(i) एक केसवाली लड़की का एक ही ........................................ था। (दाँत / बाल)

(ii) एक्की ने रूककर उसने चारों तरफ़ ........................................ देखा। (हँसकर / घूमकर)

(iii) पौधे के पास में ही ........................................ की धारा बह रही थी। (नदी / पानी)

(iv) एक्की ने गाय के ........................................ में बँधी रस्सी को खोल दिया। (सींग / गले)

(v) सिर से तौलिया हटाते ही दोक्की के ........................................ बाल झड़ गए। (दोनों / एक)

3. नीचे दिए गए कथनों में सही कथन के लिए (✓) तथा गलत कथन के लिए (×) का चिह्न लगाइए।

(i) दोनों बहनें अपने अम्मा और बाबा के साथ रहती थीं। ☐

(ii) एक्की बहुत घमंडी लड़की थी। ☐

(iii) एक्की ने गाय और मेंहदी की झाड़ी की मदद की थी। ☐

(iv) एक्की को झाड़ियों ने काँटे चुभो दिए थे। ☐

(v) दोक्की को गाय ने सींग मारा था। ☐

4. किसने कहा? किससे कहा?

(i) मुझे प्यास लगी है।

........................................................... ...........................................................

(ii) कोई मुझे खाना खिला दो।

........................................................... ...........................................................

(iii) आ गई मेरी बच्ची?

........................................................... ...........................................................

(iv) मेरे लिए नहाने का पानी तैयार करो।

........................................................... ...........................................................

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) एक्की और दोक्की का यह नाम क्यों पड़ा?

---

(ii) एक्की ने गाय की कैसे मदद की?

---

(iii) बूढ़ी अम्मा ने एक्की को देखकर क्या कहा?

---

(iv) एक्की को कहाँ आकर बहुत अच्छा लगा?

---

(v) एक्की के तौलिया हटाते ही क्या हुआ?

---

(vi) एक्की खाना क्यों नहीं खा पाई?

---

(vii) बूढ़ी अम्मा से मिलकर घर लौटती हुई एक्की को गाय और झाड़ी ने क्या–क्या दिया?

---

(viii) घर लौटते हुए गाय और झाड़ी ने दोक्की को किस प्रकार हानि पहुँचाई?

---

(ix) एक्की ने झाड़ी की मदद कैसे की?

---

egyanarchive

(x) एक्की की कहानी सुनकर दोक्की ने क्या किया?

---------------------------------------------------------------

(xi) दोक्की का मेहँदी की झाड़ी और गाय पर ध्यान क्यों नहीं गया?

---------------------------------------------------------------

(xii) कहानी का अंत कैसा हुआ? क्यों?

---------------------------------------------------------------

6. नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

दो बहनें थीं। एक का नाम था एककेसवाली और दूसरी का नाम था दोनकेसवाली। दोनों बहनें अपने अम्मा और बाबा के साथ एक छोटे से घर में रहती थीं।

एककेसवाली का एक ही बाल था, इसलिए सब उसे एक्की बुलाते थे। दोनकेसवाली बड़ी घमंडी थी। उसके दो बाल थे, इसलिए सब उसे दोक्की बुलाते थे।

अम्मा सोचती थी कि दोक्की जैसी सुंदर लड़की तो दुनिया में है ही नहीं और बाबा–उनको सोचने की फुरसत ही कहाँ! काम में जो उलझे रहते थे।

दोक्की हमेशा अपनी बहन पर रौब जमाती रहती। एक दिन एक्की घने जंगल में गई। चलते–चलते वह घने जंगल के बीच आ पहुँची। चारों तरफ़ सन्नाटा था। अचानक उसने एक आवाज़ सुनी–पानी! मुझे प्यास लगी है! कोई पानी पिला दो!

(i) दोनों बहनें कहाँ रहती थीं?

(क) छोटे से घर में ☐ (ख) जंगल में ☐

(ग) मामा के घर में ☐ (घ) बूढ़ी अम्मा के घर ☐

(ii) दोक्की कैसी थी?

(क) अच्छी ☐ (ख) सच्ची ☐

(ग) घमंडी ☐ (घ) झूठी ☐

(iii) दोक्की हमेशा किस पर रौब जमाती रहती थी?

(क) अपनी माँ पर ☐ (ख) बूढ़ी अम्मा पर ☐

(ग) अपनी बहन पर ☐ (घ) अपने पिता पर ☐

(iv) दोनों बहनों के वास्तविक नाम क्या थे?

---------------------------------------------------------------

(v) 'दोक्की जैसी सुंदर लड़की दुनिया में है ही नहीं', ऐसा कौन सोचता था?

---------------------------------------------------------------

(vi) बाबा को दोक्की के बारे में सोचने की फुरसत क्यों नहीं थी?

---------------------------------------------------------------

(vii) एक दिन एक्की कहाँ गई?

---------------------------------------------------------------

(viii) 1–1 पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(क) बाल ............................................... (ख) पानी ......................................................

(ग) सुन्दर ............................................... (घ) जंगल ......................................................

## भाषा आधारित प्रश्न

1. नीचे दिए शब्दों को उनके अर्थ से मिलाइए।

| | **शब्द** | | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| (i) | एककेसवाली | (क) | धाक |
| (ii) | सन्नाटा | (ख) | सहायता |
| (iii) | हुक्म | (ग) | कमज़ोर |
| (iv) | मरियल | (घ) | जिसके सिर पर एक बाल हो |
| (v) | मदद | (ङ) | शांति |
| (vi) | रौब | (च) | आदेश |

2. लिंग बदलिए।

जैसे– मुर्गी–मुर्गा

(i) बहन ............................................ (ii) बेटी ............................................

(iii) बूढ़ी ............................................ (iv) अम्मा ............................................

(v) गाय ............................................ (vi) बच्ची ............................................

(vii) औरत ............................................

3. सर्वनाम शब्द पर गोला बनाइए।

(i) लोग उसे एक्की बुलाते थे। (लोग / उसे)

(ii) उनको सोचने की फुरसत ही कहाँ। (सोचने / उनको)

(iii) मुझे प्यास लगी है। (मुझे / लगी)

4. विलोम शब्द लिखो–

(i) बूढ़ा × ........................................ (ii) खुशी × ........................................

(iii) गर्मी × ........................................ (iv) सुंदर × ........................................

(iv) घमंडी × ........................................

5. निम्नलिखित से दो–दो शब्द बनाकर लिखो–

(i) क्क – ............................................................... ...............................................................

(ii) म्म – ............................................................... ...............................................................

(iii) त्त – ............................................................... ...............................................................

(iv) न्य – ............................................................... ...............................................................

6. पाठ से पाँच विशेषण शब्द चुनकर लिखो–

........................... ........................... ........................... ........................... ...........................

## रचनात्मक लेखन

1. मानो लो दोक्की सुधर गई है और उसका घमंड चला गया है। पाँच–छह पंक्तियों में बताओ कि कहानी में आगे क्या हुआ होगा–

**दोक्की**

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

***********

egyanarchive